**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रदेश सरकार बनाएगी नई उद्योग नीति–सभी उद्योग संगठनों के सुझाव होंगे शामिल।
- राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा–जीएसटी की दरों में कमी से समाज के सभी वर्गों को होगा लाभ।
- आयुष्मान भारत योजना से देश के 55 करोड़ लोगों को मिल रहा है स्वास्थ्य बीमा का लाभ।
- सुंदरनगर नागरिक अस्पताल में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान आज से आरंभ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में भाजपा की नमो मैराथन कल शिमला में– प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से लोगों को करेंगे संबोधित।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**हर्षवर्धन चौहान**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग प्रदेश की आर्थिकी का आधार है। उद्योग मंत्री ने आज शिमला में उद्योगों को लेकर आयोजित एक क्षेत्रीय कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र न केवल रोजगार सृजीन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है बल्कि नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका अदाकरता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य लघु उद्योगों को और अधिक बढ़ावा देना है। इसके लिए प्रदेश सरकार नई उद्योग नीति बना रही है। इस नीति में सभी स्तर के उद्योग संगठनों के सुझाव लिए जाएंगे।

**सिकंदर कुमार**

राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में दी गई रियायत का समाज के सभी वर्गों के लोगों को लाभ होगा। सिकंदर कुमार ने आज सोलन में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि जीएसटी दरें कम होने से देश भर के लोगों की जेब में पैसा बचेगा और चीजें सस्ती होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार से पहली से 8वीं कक्षा तक के शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता के सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की है।

जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि इस फैसले के कारण प्रदेश में शिक्षण कार्य कर रहे हजारों शिक्षकों के लिए ये पात्रता परिक्षा पास करना अनिर्वाय हो गया है। उन्होंने कहा कि अदालत के इस फैसले से शिक्षक परेशान है क्योंकि उनकी नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार संबंधित शिक्षकों की चिंताओं को सुनकर उनका निराकरण करे। ताकि शिक्षण कार्य प्रभावित न हो।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज रिकांगपिओ में लोकनिर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इस मौके पर लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को कल्पा और कड़छम मंडल में चल रहे विकास कार्यों को समय पर पूरा करने और टूटी सड़कों की शीघ्र मुरम्मत करने के निर्देश दिए। जगत सिंह नेगी ने जल शक्ति विभाग के पूह और रिकांगपिओ मंडल में पाईप लाईनों को समय पर ठीक करने के भी आदेश दिए।

**शहीद**

बिलासपुर जिला के शाहतलाई क्षेत्र के थेह गांव के लांस दफेदार बलदेव चंद जम्मू कश्मीर में एक आतंकी मुठभेड़ में शहीद हो गए हैं। वह राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात थे। लांस दफेदार बलदेव चंद की शहादत की आज सूचना आई। उनकी शहादत की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। 35 वर्षीय बलदेव चंद के पिता विश्न दास भी सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत हुए हैं। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने लांस दफेदार बलदेव चंद की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है।

## बस सेवा

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत के उप प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने कहा है कि घाटी के सुराल से शिमला चलने वाली राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवा बंद हो जाने से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राज्य सरकार और पांगी प्रशासन से आग्रह किया है कि इस बस सेवा को तुरंत बहाल किया जाए ताकि पांगी घाटी की जनता को छोटी गाड़ियों के भारी भरकम किराए से राहत मिल सके।

## सेवा पर्व

सेवा और सुशासन से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम आपके लिए लेकर आ रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को मज़बूत किया है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की पहुंच लोगों तक सुनिश्चित की है।

*पिछले 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन आया है। 2018 में, नरेंद्र मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की, जो दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम है। यह योजना प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। भारत की 40 प्रतिशत गरीब आबादी को लक्षित करते हुए, यह योजना 12 करोड़ से अधिक परिवारों को कवर करती है और लगभग 55 करोड़ व्यक्तियों को लाभान्वित करती है।*

*पिछले साल 29 अक्टूबर को नई दिल्ली में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान वय वंदना योजना के दायरे में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को शामिल करने के लिए आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की।*

*लाभार्थी ईशान श्रीवास्तव ने आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनके परिवार के सदस्यों का कम खर्च में सही इलाज कराने में मदद मिली।*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, सरकार ने एक समावेशी स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत को सफलतापूर्वक लागू किया है।*

## स्वस्थ नारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितम्बर को जन्म दिन के मौके से देश भर में शुरू हुए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आज सुंदरनगर नागरिक अस्पताल में भी शुभारंभ हुआ। यहां हर रोज लगभग 2 सौ महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। शिविर में गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच की व्यवस्था की गई है। शिविर में रक्तचाप हिमोग्लोबिन, स्तर, क्षय रोग, स्तन कैंसर और ग्रीवा कैंसर जैसी बिमारियों की जांच की जा रही है। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं और शल्य चिकित्सा की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध है। शिविर में पहुंच रही महिलाओं का कहना है कि सभी महिलाओं को इस शिविर का लाभ उठाना चाहिए।

## सेवा पखवाड़ा

प्रदेश भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत कल 21 सितम्बर को शिमला के रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक नमो मैराथन का आयोजन करेगी। प्रदेश भाजपा महामंत्री संजीव कटवाल ने आज शिमला में कहा कि इस मैराथन को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्श्व गायक मोहित चौहान हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह सात बजे मैराथन में आए लोगों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। दौड़ सुबह साढ़े सात बजे आरंभ होगी। संजीव कटवाल ने कहा कि नमो मैराथन का आयोजन नशा मुक्त भारत और आत्मनिर्भर भारत की थीम पर किया जा रहा है।

**सतपाल सिंह सत्ती**

भाजपा नेता व विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता और प्रशासनिक विफलता के आरोप लगाए हैं। सत्ती ने आज ऊना में एक बयान में कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचारियों को पनाह दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के इस भ्रष्टाचार और नाकामियों को भाजपा जनता के बीच ले जाएगी। सत्ती ने ये भी कहा कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस सरकार से मोह भंग हो चुका है।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रदेश सरकार बनाएगी नई उद्योग नीति–सभी उद्योग संगठनों के सुझाव होंगे शामिल।
- राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा–जीएसटी की दरों में कमी से समाज के सभी वर्गों को होगा लाभ।
- आयुष्मान भारत योजना से देश के 55 करोड़ लोगों को मिल रहा है स्वास्थ्य बीमा का लाभ।
- सुंदरनगर नागरिक अस्पताल में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान आज से आरंभ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में भाजपा की नमो मैराथन कल शिमला में– प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से लोगों को करेंगे संबोधित।

———————————————